# प्रेस नोट
## थाना मोठ, जनपद झांसी

दिनाँक 21.06.2025

- जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,
- थाना मोठ पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण,
- शातिर चोर चोरी के आपे के साथ गिरफ्तार,

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं घटनाओं के अनावरण व सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 21.06.2025 को थाना मोठ पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी के आपे थ्री व्हीलर बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में पूर्व में थाना मोठ पर अप्पे चोरी  का अभियोग मु0अ0सं0 140/2025 धारा 303(2) बीएनएस में पंजीकृत किया गया था। जिसमें धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

संक्षिप्तः-

दिनांक 16.06.2025 को समय करीब 7.00 बजे शाम अमरा बस स्टैण्ड थाना मोठ से एक आपे थ्री व्हीलर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी थी। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा वादी की तहरीर के आधार पर दिनांक 20.06.2025 को थाना मोठ पर मु0अ0सं0 140/2025 धारा 303(2) बीएनएस में पंजीकृत कर अज्ञात चोर की गिरफ्तारी व चोरी गयी आपे थ्री व्हीलर की बरामदगी हेतु पुलिस टीम गठित की गयी। दिनांक 21.06.2025 को सुबह में जब पुलिस टीम द्वारा बम्हरौली बाईपास पर चैकिंग की जा रही थी उसी दौरान मुखबिर खास ने आकर सूचना दी कि जिस चोर ने अमरा बस स्टैण्ड से आपे थ्री व्हीलर चोरी की थी वह हाईवे जौरा पुल के नीचे खडा है जो कहीं जाने की फिराक में है यदि जल्दी की जाये तो पकड़ा जा सकता हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा एक बारगी दबिश देकर घेरकर समय करीब 06.10 बजे सुबह में अभियुक्त 1. मिलन कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा निवासी ग्राम अमरा

थाना मोठ जिला झांसी उम्र करीब 20 वर्ष अमरा बस स्टैण्ड थाना मोठ जिला झांसी से चोरी की गयी एक अदद थ्री व्हीलर रंग हरा सी.एन.जी. जिसका नं0 UP.93.DT.8557 के साथ गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग में संसुगत धाराओं का समावेश करते हुये अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः- मिलन कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा निवासी ग्राम अमरा थाना मोठ जिला झांसी उम्र करीब 20 वर्ष

बरामदगी का विवरण- 01 अप्पे थ्री व्हीलर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1 उ.नि. भगत सिंह थाना मोठ जनपद झाँसी।

2. उ0नि0 रजनीकान्त थाना मोठ जनपद झाँसी।

3. उ०नि० रामकिशोर थाना मोठ जनपद झाँसी।

4. का0 907 अनिल कुमार थाना मोठ जनपद झाँसी।